
ITPQC8

# अध्याय 4 घटाना

## कितने बचे



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 6 | – | 2 | = | 4 |

6 में से 2 निकल गए, 4 बचे

6 – 2 = 4

छः ऋण दो बराबर चार



| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | – | 3 | = | 5 |

8 में से 3 निकल गए, 5 बचे

8 – 3 = 5

आठ ऋण तीन बराबर पाँच




5 − 2 = 3

5 में से 2 निकल गए, 3 बचे

$5 - 2 = 3$


पाँच ऋण दो बराबर तीन




☐ − ☐ = ☐

और भी ऐसे सवाल बनाओ व हल करो।

## कितने बचे, गिनकर लिखो।










गेंद आठ सीढ़ी ऊपर गई और तीन सीढ़ी नीचे आई, तो कहाँ पहुँची? गेंद नौ सीढ़ी ऊपर गई और सात सीढ़ी नीचे आई तो कहाँ पहुँची?




# ऐसे भी घटाओ


2 - 1 = 1
1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20


यह छलांग पाँच ऋण तीन वाली
5 - 3 = 2
1 2 3 4 5 6


1 2 3 4 5 6 7 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 18 19 20
8 - 3 = 5

## संख्या रेखा पर दी गई संख्याएँ देखो और खाली स्थान भरो।





ऐसे और भी सवाल संख्या रेखा पर बनाओ और दोस्तों को भी हल करने को दो।




# बंडल तीली और घटाना


5 बंडल और 8 तीलियाँ थीं। उनमें से 3 बंडल और 5 तीलियाँ दे दीं। कितनी बचीं?



सोनू के पास 10–10 अंगूरों के चार गुच्छे और 5 अंगूर थे उसने 2 पूरे गुच्छे और 3 अंगूर खाए, उसके पास कितने बचे?



7 माला 4 मोती में से 3 माला 4 मोती दे दिए। कितनी बची?




## हल करो


8 बंडल 5 तीली में से 4 बंडल 2 तीली दे दिये तो कितने बचे?
7 बंडल 8 तीली में से 3 बंडल 5 तीली दे दिये तो कितने बचे?
9 माला 4 मोती में से 1 माला 3 मोती दे दिये तो कितने बचे?


ऐसे और भी सवाल बनाओ। बंडल–तीली वाले भी, माला–मोती वाले भी और हल करो। समूह में एक दूसरे के लिए भी सवाल बनाओ।




# कुछ और सवाल




## हल करो

66 – 34 =

65 – 23 =

78 – 45 =

38 – 16 =



# इबारती प्रश्न

(1) कक्षा दो में 17 लड़कियाँ और 22 लड़के हैं, तो बताओ कुल कितने बच्चे कक्षा दो में पढ़ते हैं?

(2) एक दुकान वाले के पास लाल रंग की 32 गेंद और नीले रंग की 45 गेंद हैं। बताओ उसके पास कितनी गेंद हैं?

(3) जानकी ने अपने घर की क्यारी में फूलों के 18 पौधे लगाए थे। उसने, उसमें से 12 पौधे स्कूल में लगाने के लिए निकाल लिए, अब क्यारी में कितने पौधे बचे?

(4) सरला ने बाजार से 16 रुपये की कॉपियाँ और 60 रुपये की किताबें खरीदीं, उसने कुल कितने रुपये खर्च किए?

(5) एक ग्वाले के पास 28 लीटर दूध था, उसने 21 लीटर दूध बेच दिया, अब उसके पास कितने लीटर दूध बचा?

(6) कक्षा एक में 26 बच्चे हैं, तथा कक्षा दो में 15 बच्चे हैं, तो बताओ कक्षा एक में कक्षा दो से कितने बच्चे अधिक हैं?

(7) रजनीश बाजार से लौटा तो उसके पास 7 रुपये बचे थे, उसने बाजार से 12 रुपये की मिठाई खरीदी थी, बताओ वह कितने रुपये लेकर बाजार गया था?


(8) जशपुर के जंगलों में 8 हाथियों का एक झुण्ड था। सेमरसोत के जंगल से 12 हाथियों का एक झुण्ड वहाँ और आ गया। अब बताओ जशपुर के जंगल में कुल कितने हाथी हो गए?


(9) रमेश को 15 रुपये नानी ने दिए। उसके पास अब 27 रुपये हो गए। उसके पास पहले कितने रुपये थे?


(10) अमीना सामान खरीदने 50 रुपये ले कर गई। उसने 20 रुपये का अनाज और 10 रुपये की दाल खरीदी। उसके पास कितने रुपये बचे?



## इन्हें भी करके देखो




अन्तर बताओ

46 – 26 = ?

95 – 73 = ?

78 – 72 = ?

88 – 44 = ?


54 – 32 = ?

57 – 30 = ?


67 – 26 = ?

49 – 29 = ?

# आखिर थैली खोलनी ही पड़ी।




चर्चा करके इसके लिए कहानी बनाओ।




चाचा जी को थैली क्यों खोलनी पड़ी?

अगर पाँच बच्चे होते तो कितनी बंद थैली बचतीं?

अगर पाँच बच्चे होते तो खुली थैली में कितने लड्डू बचते?

## कैसे किया हल?


1. रमेश के पास 10 पेंसिलों का एक पैकेट और 2 पेंसिलें अलग से थीं। रमेश ने पैकेट खोल लिया, अब बताओ उसके पास कुल कितनी पेंसिलें हैं?


आइए इसे समझें।



1 पैकेट     2 पेंसिलें     12 पेंसिलें

2. एक किसान दस–दस गन्नों के तीन बण्डल और 5 गन्ने लेकर बाजार आया। वहाँ आकर उसने एक बण्डल खोल लिया। बताइए अब उसके पास गन्नों के कितने बण्डल हैं और खुले हुए गन्ने कितने हैं?






तीन बण्डल और पाँच गन्ने     दो बण्डल  और  ........ गन्ने


## अब बताओ

1. गंगाराम के पास दस–दस दातुन के दो बण्डल और 8 दातुन अलग से हैं। यदि उसने एक बण्डल खोल लिया तो अब उसके पास कितने बण्डल और कितने खुले दातुन हैं ?
2. सुनील के पास दस–दस मुनगों के 4 बंडल हैं और 6 मुनगे अलग हैं यदि उसने 2 बंडल और खोल लिए तो अब उसके पास कितने बंडल और कितने खुले मुनगे हैं ?

3. कुसुम के पास दस–दस मोतियों वाली दो मालाएँ और 3 मोती अलग से थे। एक माला टूट गई। बताओ अब कुसुम के पास कितनी मालाएँ और कितने मोती हैं?



दो मालाएँ और तीन मोती




...........माला और ........... मोती


4. दस फूलों की तीन मालाएँ और 7 फूल अलग से हैं। एक माला के सारे फूल निकाल कर पहले वाले फूलों के साथ मिला लिए। बताओ कितनी मालाएँ और कितने फूल होंगे?
5. रूपसिंह के पास दस–दस मूंगों वाली दो मालाएँ थी। उसने दोनों मालाएँ खोलकर सारे मूंगे निकाल लिए। बताओ उसके पास कितने मूंगे हैं?
6. मंगली के पास दस–दस रुपयों के तीन नोट और एक–एक रुपये वाले 6 सिक्के हैं। उसने दस के एक नोट के खुले (फुटकर) कराए। उसे एक–एक रुपए के दस सिक्के मिले। अब उसके पास कितने सिक्के और कितने नोट हैं ?
7. सागर के पास दस–दस तीलियों के 4 बंडल थे और 7 खुली तीलियाँ थीं। उसके 2 बंडल खुल गए, अब उसके पास कितने बंडल हैं और कितनी खुली तीलियाँ हैं?

तुम भी अब ऐसे और सवाल बनाओ और एक दूसरे को हल करने को दो। तुमने कितने सवाल बनाए?


## एक दहाई को इकाई में बदलो।



तीन दहाई और चार इकाई = दो दहाई और चौदह इकाई



दो दहाई और छः इकाई = एक दहाई और ........ इकाई




चार दहाई और एक इकाई = ......दहाई और ...... इकाई



दो दहाई और ..... इकाई = .....दहाई और ..... इकाई

दहाई और इकाई के कार्ड ले कर उनसे यह अभ्यास करो।
समूह में एक दूसरे को ऐसे सवाल दो।



## आओ इन्हें भी समझें।

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 दहाई | + | 0 इकाई | = | 0 दहाई | + | 10 इकाई |
| 2 दहाई | + | 3 इकाई | = | 1 दहाई | + | 13 इकाई |
| 5 दहाई | + | 0 इकाई | = | 4 दहाई | + | 10 इकाई |
| 1 दहाई | + | 7 इकाई | = | 0 दहाई | + | 17 इकाई |

## अब चलो खाली जगह भरें।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 दहाई | + | 1 इकाई | = | 2 दहाई | + | .......इकाई |
| 4 दहाई | + | 0 इकाई | = | 3 दहाई | + | .......इकाई |
| 2 दहाई | + | 5 इकाई | = | .......दहाई | + | 15 इकाई |
| 1 दहाई | + | .......इकाई | = | 0 दहाई | + | 12 इकाई |
| 5 दहाई | + | 4 इकाई | = | 4 दहाई | + | .......इकाई |
| .........दहाई | + | .......इकाई | = | 1 दहाई | + | 17 इकाई |
| ....... दहाई | + | ..... इकाई | = | 2 दहाई | + | 13 इकाई |

### इसे भी देखो।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 दहाई | + | 5 इकाई | = | 3 दहाई | + | 15 इकाई |
| ................. | + | ................. | = | 1 दहाई | + | 35 इकाई |

### अब यह करो।


| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 5 दहाई | + | 3 इकाई | = | ....... |
| 3 दहाई | + | 7 इकाई | = | ....... |
| 6 दहाई | + | 8 इकाई | = | ....... |




# 34 में से 15 घटाएँ।

34 ⟶ 3 दहाई + 4 इकाई

− 15 ⟶ 1 दहाई + 5 इकाई



एक दहाई को इकाई में बदलो

34 ⟶ 2 दहाई + 14 इकाई

− 15 ⟶ 1 दहाई + 5 इकाई




इकाइयों में से इकाइयाँ घटाओ।

34 ⟶ 2 दहाई + 14 इकाई

− 15 ⟶ 1 दहाई + 5 इकाई

......... + 9 इकाई




दहाइयों में से दहाई को घटाओ।

34 ⟶ 2 दहाई + 14 इकाई

− 15 ⟶ 1 दहाई + 5 इकाई

1 दहाई + 9 इकाई



अत:

$$\begin{array}{r} 3\ \ 4 \\ -\ 1\ \ 5 \\ \hline 1\ \ 9 \end{array}$$

$$\begin{array}{r} \textcircled{2}\ \ \textcircled{14} \\ 3\ \ \ 4 \\ -\ 1\ \ \ 5 \\ \hline 1\ \ \ 9 \end{array}$$

34 – 15 = 19



## इन्हें समझो और हल करो।

36 में से 19 घटाओ

$$\begin{array}{r} 36 \\ -19 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} \scriptstyle{2\ 16} \\ \not{3}\not{6} \\ -19 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} 36 \\ -19 \\ \hline 17 \\ \hline \end{array}$$

36 − 19 = 17

72 में से 48 घटाओ

$$\begin{array}{r} 72 \\ -48 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} \scriptstyle{6\ 12} \\ \not{7}\not{2} \\ -48 \\ \hline \\ \hline \end{array} \qquad \begin{array}{r} \scriptstyle{6\ 12} \\ \not{7}\not{2} \\ -48 \\ \hline 24 \\ \hline \end{array}$$

72 − 48 = 24

43 में से 26 घटाओ।

$$\begin{array}{r} \scriptstyle{3\ 13} \\ 4\ 3 \\ -\ 2\ 6 \\ \hline 1\ 7 \\ \hline \end{array}$$

55 में से 28 घटाओ।

$$\begin{array}{r} \scriptstyle{4\ 15} \\ 5\ 5 \\ -\ 2\ 8 \\ \hline 2\ 7 \\ \hline \end{array}$$

40 में से 18 घटाओ।

$$\begin{array}{r} \scriptstyle{3\ 10} \\ 4\ 0 \\ -\ 1\ 8 \\ \hline 2\ 2 \\ \hline \end{array}$$

60 में से 46 घटाओ।

$$\begin{array}{r} \scriptstyle{5\ 10} \\ 6\ 0 \\ -\ 4\ 6 \\ \hline 1\ 4 \\ \hline \end{array}$$

## हल करके देखो

47 − 18

50 − 13

51 − 12

67 − 48

32 − 12

44 − 29

56 − 39

80 − 34



# कुछ अभ्यास करो





| | | | |
|---|---|---|---|
| 25 − 8 = ____ | 20 − 8 = ____ | 23 + 17 = ____ | 38 − 19 = ____ |
| 52 + 34 = ____ | 76 − 29 = ____ | 32 − 16 = ____ | 44 + 26 = ____ |
| 83 − 55 = ____ | 65 − 39 = ____ | 44 + 27 = ____ | 96 − 77 = ____ |
| 36 − 18 = ____ | 48 + 26 = ____ | 36 − 29 = ____ | 64 − 58 = ____ |
| 86 − 79 = ____ | 75 + 18 = ____ | 66 − 33 = ____ | 38 − 26 = ____ |

74 + 25 = ........ 75 – 28 = ........ 66 – 37 = ........

47 – 38 = ........ 48 – 26 = ........ 45 + 18 = ........

## पढ़ो समझो हल करो।







1. कक्षा एक में 21 विद्यार्थी हैं और कक्षा दो में 25 विद्यार्थी हैं। तो बताओ दोनों कक्षा में मिलाकर कितने विद्यार्थी हैं?
2. एक बाग में 18 चीकू के व 28 सन्तरे के पेड़ हैं। तो बताओ बाग में चीकू व संतरे के कुल कितने पेड़ हैं?
3. एक पुस्तकालय में हिन्दी की 20 पुस्तकें व गणित की 38 पुस्तकें हैं तो पुस्तकालय में इन विषयों की कुल कितनी पुस्तकें हैं?
4. एक डिब्बे में 35 चॉकलेट व दूसरे डिब्बे में 56 चॉकलेट हैं तो बताओ दोनों डिब्बों में कुल कितनी चॉकलेट हैं?
5. एक कक्षा में 43 लड़के व 46 लड़कियाँ हैं तो बताओ कक्षा में कितने बच्चे हैं?
6. मीना ने 36 कमीज व 22 नेकर सिलीं। बताओ उसने कुल कितने कपड़े सिले?
7. मंगलू के घर में 7 गायें थीं उसने 4 गायें और खरीद लीं। अब उसके पास कितनी गायें हो गयी?
8. यामिनी ने माला में 8 गुलाब और 7 मोगरे के फूल पिरोए उसकी माला में कुल कितने फूल हैं?

# अभ्यास



1. बस में 49 सवारियाँ थीं। उनमें से 34 सवारियाँ स्टैण्ड पर उतर गईं। बस में अब कितनी सवारियाँ रहीं?
2. रेखा के पास 75 रुपये हैं। यदि उसने 38 रुपये की चूड़ियाँ खरीद लीं तो उसके पास अब कितने रुपये शेष रहे?
3. मालती के पास 12 कॉपियाँ हैं। उनमें से 5 कॉपियाँ उसने जूही को दे दीं तो बताओ अब उसके पास कितनी कॉपियाँ हैं?
4. माधुरी ने 52 अण्डे खरीदे। यदि उनमें से 26 अण्डे गिरधर को दे दिए तो माधुरी के पास अब कितने अण्डे बचे?
5. दीपक 16 कद्दू लेकर बाजार गया। शाम को 4 कद्दू वापस ले कर आया। उसने कितने कद्दू बेचे?
6. सुधीर के पास 7 पुस्तकें थीं। उसने अपनी 2 पुस्तकें मनोज को दे दीं। अब सुधीर के पास कितनी पुस्तकें बचीं?
7. मैं आज अपने साथ 5 चॉक लेकर आया था। दो चॉक मेरे पास बचे हैं। लिखने में कितने चॉक लगे?



1. रजनी ने अपने बेटे व बेटी को 4–4 लड्डू दिए। अब रजनी के पास 2 लड्डू बच गए तो बताओ उसके पास कितने लड्डू थे?
2. फातिमा ने 8 पेंसिलें एक दुकान से तथा 6 पेंसिलें दूसरी दुकान से खरीदीं। इन पेंसिलों को वह 12 सहेलियों को बाँटना चाहती है। क्या वह सभी को पेंसिल दे पाएगी? सभी को देने के बाद उसके पास कितनी पेंसिलें बचेंगी?
3. एक बस में 8 सवारी रायपुर से चली, दुर्ग में 8 सवारी और चढ़ी तथा नांद गांव में 10 सवारियाँ उतर गईं तो अब बस में कितनी सवारियाँ हैं?
4. मैंने बाजार से 3 आम व 5 केले खरीदे तथा घर जाकर 4 फल मैंने खा लिए तो बताओ अब कितने फल बचे?
5. एक पौधशाला में 15 आम के व 10 जामुन के पौधे हैं। मोहनी ने उनमें से 12 पौधे बगीचे में लगा दिए तो पौधशाला में कुल कितने पौधे बचे?
6. फराज़ के पास 7 रुपये थे। उनमें से 4 रुपये के फल खरीद लिये। तथा अमान ने उसे जन्मदिन पर 6 रुपये और दे दिये तो बताओ फराज़ के पास अब कितने रुपये हैं?

ITRRBB